राजस्थान विश्वविद्यालय की अधिकारिक सूचनाऐं
अब फेसबुक व ट्विट्र पर भी।

जयपुर– 18 दिसंबर। राज्य का सबसे बडा उच्च शिक्षण संस्थान राजस्थान विश्वविद्यालय अब अपनी सभी अधिकारिक सूचनाऐं फेसबुक एवं ट्विट्र के माध्यम से विश्वविद्यालय से जुडे लाखों छात्रों, उनके अभिभावकों एवं समाज के अन्य वर्गों तक पहुंचाएगा।

राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजीव जैन ने आज विश्वविद्यालय के अधिकारिक ट्विट्र हैंडल व फेसबुक पेज पर विश्वविद्यालय की पहली अधिकारिक सूचना अपलोड कर विश्वविद्यालय द्वारा प्रारंभ की गई इस नई सूचना प्रसारण व्यवस्था की शुरूआत की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय सिंडिकेट सदस्य प्रो. एस.एल. शर्मा व विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. भूपेन्द्र सिंह शेखावत के अनुसार राजस्थान विश्वविद्यालय सोश्यल मीडिया के इन दोनो प्लेटफॉर्म के माध्यम से विश्वविद्यालय की अधिकारिक सूचनाओं, परीक्षा से जुडी महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ ही, विश्वविद्यालय में होने वाली शैक्षणिक चर्चाओं, कार्यक्रमों आदि की जानकारी समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाएगा।

जनसम्पर्क अधिकारी





राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजीव जैन राजस्थान विश्वविद्यालय का ऑफिशियल फेसबुक एवं ट्विट्र अकांउट जारी करते हुए।